राजस्थान सरकार
निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः ई–11/नर्स–2/( )/10/ 1695 दिनांक 20/7/2010

रजिस्ट्रार,
राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
कुम्भा मार्ग, सैक्टर 18 प्रतापनगर
जयपुर।

विषयः–एमएससी/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षण सत्र 2010–11 हेतु चयनित कर्मियों को प्रशिक्षण हेतु कार्यग्रहण कराने के सम्बन्ध में।
संदर्भः–आपका पत्र कमांक एफ–11/प्रीसैल/ राज0स्वा0वि0वि0/2010–11 /4576 दिनांक 8.7.10

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सत्र 2010–11 के लिये एमएससी /पोस्टबेसिक बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु आप द्वारा चयनित विभागीय कर्मियों को संदर्भित पत्र द्वारा दिनांक 15.7.10 तक उपस्थिति प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। आपका उक्त पत्र निदेशालय में ही दिनांक 16.7.10 को प्राप्त हुआ है, जिसके कारण उक्त सत्र में चयनित विभागीय कर्मचारी प्रशिक्षण हेतु सम्बन्धित कॉलेज में उपस्थिति प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे हैं। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित कर्मियों द्वारा निरंतर निदेशालय/प्रशासनिक विभाग से संपर्क किया जा रहा है।

राज्य सरकार की आई0डी0 संख्या 455/चि0स्वा0/10 दिनांक 14.7.10 की अनुपालना में इन चयनित कर्मियो को प्रशिक्षण हेतु कार्यमुक्त करने हेतु सम्बधित अधिकारियों निर्देशित किया जा चुका है अतः उक्त सत्र के लिये एमएससी/पोस्टबेसिक बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु इन चयनित कर्मियों को दिनांक 26.7.10 तक उपस्थिति प्रस्तुत किये जाने हेतु शिथिलता प्रदान किये जाने का श्रम करें ताकि सम्बन्धित कर्मी विधिवत उच्च अध्ययन आरम्भ कर सके।

अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर

क्रमांकः ई–11/नर्स–2/( )/10/ 1695 दिनांक 20/7/2010
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. उप शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–3) विभाग राज0 जयपुर
2. प्रधानाचार्य, कॉलेज आफॅ नर्सिंग, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि इन चयनित कर्मियों को दिनांक 26.7.10 तक प्रशिक्षण हेतु कार्यग्रहण कराने का श्रम करें।
3. सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारी
4. सम्बन्धित चयनित प्रशिक्षणार्थी द्वारा प्रशासनिक अधिकारी।
5. प्रभारी सर्वररूम निदेशालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र विभागीय वैबसाईट पर प्रकाशित करने का श्रम करें।

अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान जयपुर